

॥ वन्देमातरम् ॥

संस्कार

सहयोग सेवा

सम्पर्क समर्पण

भारत विकास परिषद्
तमसो मा ज्योतिर्गमय
स्था. 1963
Reg. No. S-2272



# भारत विकास परिषद्

## राजस्थान (मध्य) प्रान्त

वर्ष 2020

का मुख पत्र

अंक अप्रेल-जून

# नई दिशा




सावधानी रखें-सुरक्षित रहें-स्वस्थ रहें

**स्वच्छ - स्वस्थ - समर्थ - संस्कारित भारत**



## अध्यक्षीय लेखनी

वैश्विक महामारी (कोविड-19) कोरोना वायरस का प्रकोप विश्व में लगातार बढ़ता जा रहा है। इस विषम समय में भी परिषद् परिवार के सदस्यों का हार्दिक आभार जिन्होंने अपने क्षेत्र में हर संभव सेवा के कार्य किए, जिसमें जरूरतमंदो को भोजन करवाना, सामग्री वितरण करना, मास्क, सैनिटाइजर वितरण या आर्थिक सहायता प्रदान करना आदि सम्मिलित है। वर्तमान में लगातार बढ़ते प्रकोप को देखते हुए परिषद् परिवार के सदस्यों ने अपने कई कार्यक्रम ऑनलाईन आयोजित किये हैं और आशा करता हूँ कि आगे भी आप अपना स्वयं का बचाव करते हुए कोरोना के तीन मंत्रों (बार-बार हाथ धोवें, दो गज की दूरी बनाये रखें एवं बिना मास्क लगाये बाहर ना निकलें) का पालन कर विभिन्न ऑनलाइन नवाचार करते हुए सेवा, संस्कार एवं सम्पर्क के कार्यक्रम शाखाओं द्वारा ऑनलाईन आयोजित होते रहेंगे।
भारत विकास परिषद् यह वर्ष (2020-21) डॉ. सूरज प्रकाश जी को समर्पित करते डॉ. सूरज प्रकाश जी की जन्मशति वर्ष के रूप में मना रहा है। शाखायें अपने कार्यक्रम उनके जीवन और आदर्शों को ध्यान में रखते हुए आयोजित करें।

**कैलाश अजमेरा**
प्रान्तीय अध्यक्ष



## सम्पादकीय.....

आदरणीय बन्धुओं,

राजस्थान (मध्य) प्रान्त के मुख पत्र नई दिशा का द्वितीय वर्ष का प्रथम अंक प्रेषित है जिसमें कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के चलते प्रान्त की सभी शाखाओं द्वारा नवाचार करते हुए संगठन व संस्कार से जुड़े अधिकतर कार्यक्रमों को ऑनलाईन आयोजित किया एवं इन विकट परिस्थियों में भी परिषद् सदस्यों ने **'स्वामी जी के सपनों का भारत'** के निर्माण में अपनी आहुति दी है।

इस आहुति के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए सभी शाखाओं ने 'सेवा व संस्कार' के कार्यों को 'समर्पण' भाव से लोगों के 'सम्पर्क' में आकर जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता, भोजन पैकेट वितरण व अन्य सामग्री के वितरण में 'सहयोग' दिया। मुझे विश्वास है कि केंद्रीय मार्गदर्शन के साथ तकनीकी नवाचार करते हुए हम सभी प्रकल्पों को पुरा करने का प्रयास करेंगे।

**अरुण पारीक**
प्रान्तीय संयुक्त महासचिव



## महासचिव की कलम से ....

दुनियाभर में वैश्विक महामारी बनकर फैले कोरोना वायरस का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते देश में लॉकडाउन भी हुआ। मरीजों की संख्या का लगातार बढ़ना चिंता का विषय बना हुआ है। जिंदगी का बदलाव किसी निश्चित तारीख या समय पर निर्भर नहीं करता। बल्कि यह तो सतत् चलने वाली प्रक्रिया है। जिंदगी हमेशा चलती रहती है। जीवन में यदि कोई चीज स्थिर है तो वह है बदलाव। जिंदगी का हर एक पल बदलता रहता है। नकारात्मक परिस्थिति भविष्य के लिये सकारात्मकता के बीज बोये रखती है। हर सिक्के के दो पहलु होते हैं, यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस नजर से किस चीज को लेते हैं, मुश्किल समय में सकारात्मक दृष्टि रखने वाले परिषद् परिवार के सदस्यों ने इस समय को ईश्वर द्वारा प्रदत सेवा का अवसर मानते हुए अपने अपने क्षेत्र में हर संभव सेवा के कार्य किए, चाहे वह जरूरतमंदो को भोजन करवाना हो या सामग्री, मास्क, सैनिटाइजर वितरण हो या आर्थिक सहायता। संपर्क के नए-नए माध्यमों से आपसी मनोबल बढ़ाकर और विभिन्न ऑनलाइन नवाचार कार्यक्रमों के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर राजस्थान मध्य प्रांत की शाखाओं ने पुरे देश में नसीर कायम की है।

**समझ गया दिल ये भी अब तो समझाने से, लड़ी जाएगी ये लड़ाई अब आशियाने से।**
**मैं सेवा करता हूँ अपने तुम करो अपने ठिकाने से, कट जाएंगे दिन ये तेरे मेरे मुस्कुराने से**

वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसा अनुमान है कि इस वर्ष संस्कार के कुछ प्रकल्प जैसे गुरु वंदन छात्र अभिनंदन, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता, अंतर्महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता और भारत को जानो प्रतियोगिता अपने मूल स्वरूप में संपादित ना किये जा सकें। साथियों यह हमारे लिए एक चुनौती है कि इन परिस्थितियों में भी हम ऑनलाइन या अन्य किसी माध्यम से संस्कारवान भारत के निर्माण के लक्ष्य और हमारे विचारों को किस तरह विद्यार्थी और युवा वर्ग के मध्य ले जा सकें। केंद्र व रीजन के दायित्वधारी तो इस विषय पर चिंतन कर ही रहे हैं और प्रांतीय संयोजक व प्रांत की तकनीकी टीम भी इस संदर्भ में कार्य कर रही हैं। आप भी अपने बहुमूल्य सुझाव प्रांतीय कार्यालय तक पहुंचाएं। मुझे विश्वास है कि केंद्रीय मार्गदर्शन के साथ तकनीकी नवाचार करते हुए हम सभी प्रकल्पों को पुरा करने का प्रयास करेंगे।

भारत विकास परिषद् के सशक्त हस्ताक्षर रहे डॉ. सूरज प्रकाश जी सदैव राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहे और परिषद् की स्थापना भी इसी उद्देश्य से की। वर्ष 2020-21 भारत विकास परिषद् के संस्थापक सचिव डॉ. सूरजप्रकाश जी की जन्मशति वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। शाखायें अपने कार्यक्रम कैलेंडर में डॉ. सूरज प्रकाश जी के जीवन, उनके विचार, उद्देश्य, ध्येय और व्यक्तित्व का परिचय करने वाले कार्यक्रम को सम्मिलित करें और आपके नाम से आत्मनिर्भरता कार्यक्रम या कोई स्थाई कार्यक्रम अवश्य प्रारंभ करें।

शाखाओं के संचालन में लेखा पुस्तिका और आयकर नियमों के अनुपालना का विशेष महत्व है। शाखाओं से वर्ष 2019-20 की बैलेंस शीट 31 जुलाई 2020 तक प्रांत को प्रेषित करना और एओपी व पैन कार्ड 30 सितंबर 2020 तक अनिवार्य रूप से लेना अपेक्षित है।

**सीए संदीप बाल्दी**
प्रान्तीय महासचिव

## प्रान्तीय कार्यकारिणी चतुर्थ बैठक

संगठन

कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के चलते पूरे देश में लोक डाउन की व्यवस्था लागू की गई। प्रशासन की व्यवस्थाओं का सम्मान करते हुए व यथासंभव सहयोग करने की दृष्टि से इस वर्ष राजस्थान मध्य प्रांत की चतुर्थ कार्यकारिणी बैठक 02 मई 2020 को स्काईप के माध्यम से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं रीजनल चेयरमेन श्रीमान् डी. डी. शर्मा जी की अध्यक्षता में ऑनलाईन आयोजित की गई।

बैठक में प्रान्तीय वित्तसचिव जी श्री सुधीर जी व्यास ने प्रान्त के वर्ष 2019-20 की समाप्ति पर 31 मार्च 2020 की वित्तीय स्थिति और प्रान्तीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी ने सदन के समक्ष वर्ष 2019-20 का वार्षिक प्रतिवेदन का पठन किया। प्रान्तीय महासचिव ने वर्षपर्यंत शाखाओं द्वारा किये विशेष कार्यों को भी सदन पटल पर रखा और संपर्क संगठन सेवा व संस्कार प्रकल्पों का इस सत्र में रिकॉर्ड एवं विशिष्टता के साथ सफल क्रियान्वयन हेतु सभी प्रांतीय संयोजक बंधुओं के सहयोग एवं केंद्रीय व रीजनल दायित्वधारियों के समय-समय पर मिलने वाले मार्गदर्शन हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया।

प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश जी अजमेरा ने वर्ष 2020-21 के लिए जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा किशोर जी गौतम, जिला सचिव राजसमंद श्रीमती लता जी मादरेचा और सहसंयोजक भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रभारी के रूप में हरीश जी बेरी, अजमेर के नामों की घोषणा की। सदन ने करतल ध्वनि से नए प्रांतीय संयोजकों के नामों का स्वागत किया।

श्री मुकन सिंह जी राठौड़ संगठन मंत्री ने वर्तमान परिपेक्ष में प्रांत द्वारा किए जा रहे सभी नवाचार ओर ऑनलाइन प्रयासों की सराहना करते हुए कोरोना की लड़ाई में शाखाओं को सेवा कार्य करने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने सदस्यता नवीनीकरण और वृद्धि के कार्य को गति प्रदान करने तथा जल्द से जल्द शाखाओं से सदस्यों की सूची व अंशदान संग्रहण की बात सदन के मध्य रखी।  श्री त्रिभुवन जी शर्मा रीजनल महामंत्री ने अपने उद्बोधन में प्रांत के कार्यों की सराहना करते हुए केंद्र द्वारा परिषद सदस्यों के लिए आयोजित की जा रही अश्वनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता विवरण शाखाओं के सदस्यों को बताने और ज्यादा से ज्यादा परिषद सदस्यों का पंजीयन करवाने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं रीजनल चेयरमेन श्रीमान् डी. डी. शर्मा जी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में मध्य प्रान्त के कार्यक्रमों की सराहना की एवं वर्षपर्यन्त होने वाले कार्यक्रमो की समीक्षा हेतु कार्य योजना के लिए प्रान्तीय कार्यकारिणी को साधुवाद दिया। उन्होने देश के विकास के लिये स्वार्थ रहित सेवा और आत्मानुशासन कार्यकर्ता बनकर कार्य करने का आह्रान किया।

### सम्मान

राजस्थान मध्य प्रांत के माननीय श्री मालचंद जी गर्ग, किशनगढ़ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संपर्क प्रोजेक्ट सेक्रेटरी और माननीय श्री दिनेश जी कोगटा, बिजयनगर को रीजनल कार्यकारिणी में रीजनल मंत्री संस्कार का वर्ष 2020-21 के लिए दायित्व दिया गया है।


## संपर्क व्हाट्सएप कॉलिंग

कोरोना वैश्विक महामारी ने मानव जीवन के हर क्षेत्र को आगात किया है। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ इस महामारी ने सभी को अपने घरों में कैद कर दिया। ऐसे समय में परिषद सदस्यों से जीवंत संपर्क बनाए रखने और सेवा का भाव जागृत करते हुए सकारात्मक उर्जा प्रदान करने के लिए राजस्थान मध्य प्रांत के दायित्वधारीयों ने व्हाट्सएप कॉलिंग को माध्यम बनाते हुए प्रत्येक शाखा के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष से वीडियो कॉल पर बात करीं, उनकी कुशल क्षेम पूछी और यह परंपरा शाखाओं ने भी प्रारंभ की, परिणाम स्वरूप सदस्यों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

## जिला संपर्क बैठक

राजस्थान मध्य प्रांत के तीनों जिलों की संपर्क बैठक जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव - विजय शर्मा व श्याम सुंदर चौधरी-अजमेर, जयप्रकाश मंत्री व श्रीमती लता मादरेचा-राजसमंद, किशोर गौतम व शिवम प्रहलादका भीलवाड़ा के नेतृत्व में Zoom application के माध्यम से ऑनलाइन आहूत की गई। बैठकों में राष्ट्रीय मंत्री श्री मुकन सिंह राठौड़, प्रांतीय संरक्षक कमल किशोर व्यास व मुकुट बिहारी मालपानी, प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश अजमेरा, प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी और संगठन मंत्री सुभाष जैन का सानिध्य मिला।

संपर्क बैठकों में वर्ष 2020-21 के लिए सदस्यता नवीनीकरण एवं वृद्धि, शाखाओं द्वारा भारत विकास परिषद कोविड-19 में सहयोग राशि की चर्चा, शाखाओं के AOP और PAN की प्रक्रिया की चर्चा, शाखाओं की बैलेंसशीट, बैंक खाते व लेखा पुस्तकों के संदर्भ में चर्चा और शाखाओं सदस्यों की सदस्यता सूचि को केन्द्रीय सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रेषित करने जैसे विषयों पर दायित्वधारियों से विस्तृत चर्चा हुई।




## महिला संपर्क बैठक

राजस्थान मध्य प्रांत कि शाखाओं की महिला संपर्क बैठक 11.05.20, सोमवार सायं 4:00 बजे Zoom application के माध्यम से आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता रीजनल मंत्री पूर्णा पारीक ने की, प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश अजमेरा और प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी का सानिध्य भी मिला। बैठक में शाखाओं की महिला प्रमुख, महिला जागृति प्रमुख,अभिरुचि शिविर प्रमुख, प्रांतीय महिला संयोजिका सहित 32 बहनों ने भाग लिया।

बैठक में शाखाओं में महिलाओं के समन्वय और संपर्क कैसे बढ़ाया जाए, शाखाओं द्वारा 15 मई से ऑनलाइन अभिरुचि शिविर के आयोजन, मातृशक्ति द्वारा भारत विकास परिषद कोविड-19 में सहयोग राशि की चर्चा , वर्तमान परिपेक्ष में सेवा कार्य के संदर्भ में सिलाई प्रशिक्षण करने

वाली महिलाओं से मास्क बनवा वितरण कर उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ–बेटी बसाओ का संकल्प और अन्य सेवा कार्य पर विस्तृत चर्चा की गई।
डॉक्टर कमला गोखरू ने वर्तमान परिपेक्ष में संयुक्त परिवार की आवश्यकता को महसूस करते हुए बच्चों में यह भाव जागृत करने की बात रखी। अध्यक्ष उद्‌बोधन में श्रीमती पूर्णा जी पारीक ने सभी मातृशक्ति को सकारात्मक वातावरण तैयार करने और संस्कारवान बनाने के लक्ष्य को याद दिलाया। प्रांतीय महिला प्रमुख श्रीमती गुणमाला जी अग्रवाल ने बैठक का कुशल संचालन करते हुए उपस्थित सभी दायित्व धारियों का आभार व्यक्त किया।



## संपर्क ऑनलाईन कार्यशाला

राजस्थान मध्य प्रांत की संपर्क कार्यशाला ऑनलाइन बैठक, दिनांक 7.06.20, रविवार को सायं 4 बजे आहूत की गई है। बैठक में श्री मालचंद गर्ग– राष्ट्रीय मंत्री संपर्क, श्री मुकन सिंह राठौड़–राष्ट्रीय मंत्री, श्री दिनेश कोगटा–रीजनल मंत्री संस्कार, श्री नृत्य गोपाल मित्तल–रीजनल मंत्री संपर्क और प्रांतीय संरक्षक श्री मुकुट बिहारी मालपानी का सानिध्य मिला।
बैठक वंदे मातरम् गायन से प्रारंभ हुई, प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश अजमेरा ने उपस्थित सभी दायित्वधारियों का स्वागत किया, प्रांतीय महासचिव ने प्रांत की संपर्क की संक्षिप्त रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी। माननीय मालचंद जी ने संपर्क के महत्व को समझाते हुए जीवंत संपर्क बनाए रखने और एक सदस्य एक नया सदस्य बनाए ऐसे संकल्प का आह्वान किया। श्री मुकन सिंह जी ने सदस्यता नवीनीकरण एवं वृद्धि विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए इस कार्य में गति प्रदान करने हेतु आग्रह किया।
महासचिव ने केंद्रीय वेबसाइट पर सदस्यता सूची अपलोड़ करने के तरीके का प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि अजमेर मुख्य शाखा द्वारा 98 सदस्यों की सूची आज केंद्रीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई। श्री नृत्य गोपाल जी मित्तल ने अपने उद्‌बोधन में संपर्क के आयामो को स्पष्ट रूप से समझाते हुए, प्रत्येक शाखा में संपर्क प्रमुख, समाज के विभिन्न वर्गो से मिल संपर्क के दायरे को बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया। श्री दिनेश जी कोगटा ने अपने उद्‌बोधन में वर्तमान परिपेक्ष में संस्कार के कार्यक्रमों में किस प्रकार नवाचार किया जा सकता है इस विषय पर चिंतन करना चाहिए और प्रांत द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। श्री मुकुट बिहारी जी मालपानी ने अपने उद्‌बोधन में शाखा के दायित्वधारियों का प्रकल्प प्रमुखों से संपर्क और प्रमुखों का शाखा के सदस्यों से संपर्क की बात रखते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

## भाविप राजस्थान मध्य प्रांत की संपर्क कार्यशाला ऑनलाइन बैठक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा
राजस्थान मध्य प्रांत की संपर्क कार्यशाला ऑनलाइन बैठक आहूत हुई। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री संपर्क मालचंद गर्ग, राष्ट्रीय मंत्री मुकुन सिंह राठौड़, रीजनल मंत्री संस्कार दिनेश कोगटा, रीजनल मंत्री सम्पर्क नृत्य गोपाल मित्तल, प्रांतीय संरक्षक मुकुट बिहारी मालपानी का सानिध्य मिला। बैठक वंदे मातरम् गायन से प्रारंभ हुई, प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश अजमेरा ने उपस्थित सभी दायित्वधारियों का स्वागत किया, प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी ने प्रांत की संपर्क की संक्षिप्त रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी। राष्ट्रीय मंत्री सम्पर्क मालचंद ने संपर्क के महत्व को समझाते हुए जीवंत संपर्क बनाए रखने और एक सदस्य एक नया सदस्य बनाए ऐसे संकल्प का आह्वान किया। मुकुन सिंह ने सदस्यता नवीनीकरण एवं वृद्धि विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए इस कार्य में गति प्रदान करने हेतु आग्रह किया। महासचिव ने केंद्रीय वेबसाइट पर सदस्यता सूची अपलोड करने के तरीके का प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि अजमेर मुख्य शाखा द्वारा 98 सदस्यों की सूची केंद्रीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई। नृत्य गोपाल मित्तल ने संपर्क के आयामों को स्पष्ट रूप से समझाते हुए, प्रत्येक शाखा में संपर्क प्रमुख, समाज के विभिन्न वर्गों से मिल संपर्क के दायरे को बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया। दिनेश कोगटा ने अपने उद्बोधन में वर्तमान परिपेक्ष में संस्कार के कार्यक्रमों में किस प्रकार नवाचार किया जा सकता है इस विषय पर चिंतन करना चाहिए और प्रांत द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुकुट बिहारी मालपानी ने अपने उद्बोधन में शाखा के दायित्वधारियों का प्रकल्प प्रमुखों से संपर्क और प्रमुखों का शाखा के सदस्यों से संपर्क की बात रखते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। खुले सत्र में अशोक गोयल शाखा अध्यक्ष अजमेर मुख्य ने सदस्यता नवीनीकरण के संदर्भ में जनवरी माह से ही प्रयास प्रारंभ करने की बात कही और केंद्रीय वेबसाइट पर सूची अपलोड को अत्यंत सरल बताते हुए सभी को अपलोड करने के लिए प्रेरित किया?।



# रीजनल संपर्क बैठक

राजस्थान मध्य प्रांत के दायित्वधारियों की रीजनल संपर्क बैठक में सहभागिता-

1. रीजनल बैठक-06.05.20-सहभागिता-4 सदस्य-श्री चन्द्रसेन जी-चेयरमेन संस्कार
2. रीजनल बैठक-16.05.20-सहभागिता-4 सदस्य-श्री गजेन्द्र सिंह जी संधु-राष्ट्राध्यक्ष
3. रीजनल बैठक-22.05.2020-सहभागिता-4 सदस्य-श्री देवराज जी शर्मा-चेयरमेन सेवा
4. रीजनल बैठक-29.05.2020-सहभागिता-4 सदस्य-श्री श्याम जी शर्मा-राष्ट्रीय महासचिव
5. रीजनल बैठक-06.06.2020-सहभागिता-6 सदस्य-श्री महेश जी शर्मा-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
6. रीजनल बैठक-14.06.2020-सहभागिता-6 सदस्य-श्री सुरेश जी जैन-राष्ट्रीय संगठन मंत्री
7. रीजनल बैठक-21.06.2020-सहभागिता-7 सदस्य-श्री अजय जी दत्ता-राष्ट्रीय समन्वयक
8. रीजनल बैठक-28.06.2020 -6 सदस्य- श्री सम्पत जी खुर्दिया-राष्ट्रीय वित्तसचिव

# सदस्यता नवीनीकरण एवं वृद्धि

राजस्थान मध्य प्रांत की सभी शाखाओं के सदस्यों ने कोरोना से पीड़ित जनता की सेवा में तन मन धन से हर संभव सहयोग किया। इस वर्ष सदस्यता के संदर्भ में प्रांत ने शाखाओं से निवेदन किया है की सदस्यता नवीनीकरण और वृद्धि के लिए अनावश्यक दबाव न बनाकर जो सदस्य वर्तमान परिस्थिति में सदस्यता शुल्क जमा कराने में सक्षम है उनसे संग्रहित कर केंद्रीय और प्रांतीय अंशदान का भुगतान करें और यदि कोई सदस्य अभी भुगतान करने में सक्षम नहीं है तो शाखा अपने स्तर पर निर्णय कर अंशदान की राशि प्रांत और केंद्र को प्रेषित कराएं।

प्रांतीय संगठन मंत्री और जिला दायित्वधारियों के सार्थक प्रयासों का ही परिणाम है कि 30 जून तक प्रांत की 23 शाखाओं द्वारा 1690 सदस्यों की सदस्यता राशि प्रांत को प्रेषित कर दी है और प्रांत द्वारा 1516 सदस्यों का अंशदान केंद्र को प्रेषित कर दिया गया है।

भीलवाड़ा जिले की भोजराज शाखा ने वर्तमान परिस्थितियों में भी गत वर्ष की सदस्यता संख्या 41 से 100 प्रतिशत वृद्धि के साथ सदस्यता संख्या 82 हो गई और सदस्यता शुल्क भी प्रांतीय खाते में जमा करवा दिया गया। ग्रामीण व नवीन शाखा द्वारा सदस्यता नवीनीकरण एवं वृद्धि हेतु किए गए प्रयास अभिनंदनीय और अनुकरणीय है। अजमेर मुख्य, गुलाबपुरा, गंगापुर और राजसमंद शाखाओं द्वारा भी सदस्यता वृद्धि के साथ प्रांतीय अंशदान जमा करवाया गया। अजमेर मुख्य और जालिया द्वितीय शाखा द्वारा सदस्यता सूची को केंद्रीय वेबसाइट पर भी सफलतापूर्वक अपलोड किया गया।

## भाविप में नए सदस्यों का सम्मान

कंवलियास | भारत विकास परिषद की भोजरास शाखा की साधारण बैठक अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद मालपानी की अध्यक्षता में हनुमानजी की बगीची में हुई।

मास्क व सोशल डिस्टेंस का पालना करते हुए जून में परिषद की गतिविधियों व सदस्यता पर चर्चा की। मिनी ब्लड कैंप लगाने पर सहमति बनी। नए सदस्य कैलाश जाट, महादेव जाट, शुभम अजमेरा, रामपाल बैरवा का सम्मान किया। भामाशाह महावीर सोमरवाल, फूलचंद जाट, हरनाथ गुर्जर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संरक्षक महावीर अजमेरा, सचिव भवंरलाल टेलर, कोषाध्यक्ष नारायणलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष जगदीश राव, गोपालसिंह गहलोत, महावीर चौहान, ओम प्रकाश चौहान, घीसूलाल खारोल, नरेंद्र चौधरी, रमेश मंडल, जगदीश टेलर आदि ने भाग लिया।



## सकारात्मकता का संचार - उमंग सप्ताह

कोरोना वैश्विक महामारी ने मानव जीवन के हर क्षेत्र को आहत किया है। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ इस महामारी ने सभी को अपने घरों में कैद कर दिया। लगातार कोविड-19 को लेकर आ रही भ्रामक सूचनाएं, बाहर के देशों से आ रहे डराने वाले समाचार और अनावश्यक वीडियो व संदेशों ने पूरे देश में नकारात्मकता और उदासीनता का माहौल बना दिया। ऐसे समय में परिषद सदस्यों से जीवंत संपर्क बनाए रखने और सेवा का भाव जागृत करते हुए सकारात्मक उर्जा प्रदान करने के लिए परिषद सदस्यों के मध्य ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का विचार आया। श्री पारसमल बोहरा प्रांतीय उपाध्यक्ष संस्कार और गुणमाला अग्रवाल, प्रांतीय महिला प्रमुख के साथ वार्ता कर उन्होंने लोक डाउन पीरियड में सदस्यों को ऊर्जावान बनाने, सकारात्मकता का संचार करने व कोरोना के लिए जागरूकता फैलाने हेतु उमंग सप्ताह के आयोजन के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन करने का निर्णय लिया।




उमंग सप्ताह के पहले दिन महापुरुषों का चित्रण और कोरोना वायरस को आधार बनाते हुए विचित्र वेशभूषा प्रतियोगितायोगिता का आयोजन लघु कनिष्ठ, कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में किया गया, जिसमें परिषद परिवार के बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लेते हुए, मनमोहक स्वरूप प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन परिषद् महिला सदस्यों के मध्य घर में उपलब्ध 5 तरह के अनाजों का प्रयोग करते हुए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांत की विभिन्न शाखाओं ने अपनी भावनाएं रंगोली के माध्यम से उकेरी।




प्रतियोगिता के तीसरे दिन कोरोना एक अभिशाप और बचाव के उपाय विषय पर कनिष्ठ व वरिष्ठ बच्चों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बच्चों ने अपने मन के विचारों को कागज पर रेखांकित किया। प्रतियोगिता के चौथे दिन परिषद पुरुष सदस्यों के मध्य सेवा, संस्कार और कोरोना वायरस विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता रखी गई और सदस्यों ने बहुत सुंदर-सुंदर पंक्तियां स्लोगन के माध्यम से शब्दकोश के लिए प्रेषित की। प्रतियोगिता के पांचवे दिन संस्कार निर्माण को ध्यान रखते हुए परिषद महिलाओं के मध्य गणगौर सजाओ प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें परिषद की मातृशक्ति ने सीमित साधनों का प्रयोग करते हुए अपनी प्रतिभा का




चित्रण किया। अंतिम दिन प्रत्येक शाखा के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष और प्रांतीय संयोजक के लिए संवाद प्रतियोगिता रखी गई, विषय था समन्वय संपर्क और अनुशासन ही संगठन की सुदृढ़ता का आधार है। इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने 1.30 मिनिट के अपने वीडियो के माध्यम से इस विषय पर विस्तृत चर्चा एवं सुझाव प्रस्तुत किए। सभी प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रतियोगियों को प्रांत द्वारा प्रांतीय परिषद की बैठक में और भाग लेने वाले सभी अन्य प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन का सबसे सकारात्मक पहलू यह नजर आया जब शाखाओं के सदस्यों ने अपने पोस्टर को स्थानीय स्तर के जिला अधिकारी, उपखंड अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारियों को भेंट कर उनका अभिनंदन किया और मनोबल बढ़ाया। जिसे स्थानीय प्रशासन ने सराहा और परिषद के इस नवाचार का स्वागत किया।



## नि:शुल्क अभिरुचि शिविर


कोरोनावायरस महामारी के समय जहां सभी जगह नकारात्मकता और असुरक्षा का भाव लोगों के मन में था, तब प्रांतीय महिला प्रमुख श्रीमती गुणमाला जी अग्रवाल और अभिरुचि शिविर संयोजिका श्रीमती भारती जी मोदानी द्वारा ऑनलाइन अभिरुचि शिविर के आयोजन का विचार साझा किया गया और 12 मई की मातृशक्ति संपर्क बैठक में सभी उपस्थित शाखाओं की महिला दायित्वधारियों से चर्चा की गई, तब यह परिकल्पना की गई थी कि इस तरीके के आयोजन से संपर्क के आयाम को पूरा किया जा सकता है।

राजस्थान मध्य प्रांत की 6 शाखाओं द्वारा प्रांतीय संयोजिका श्रीमती भारती जी मोदानी के नेतृत्व में ऑनलाइन अभिरुचि शिविर का आयोजन किया। अब तक आयोजित ऑनलाइन शिविरों में राज्य स्तर पर ही नहीं वरन पूरे भारतवर्ष और विदेशों से कुल 23,716 रजिस्ट्रेशन हुए। राजस्थान के बाहर से लगभग 5750 और विदेशों से 357 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

| क्र.स. | शाखा का नाम | दिनांक | प्रतिभागी |
|---|---|---|---|
| 01 | सुभाष भीलवाड़ा | 25.05.20 से 30.05.20 | 2250 |
| 02 | प्रताप भीलवाड़ा | 01.06.20 से 05.06.20 | 1170 |
| 03 | वीर शिवाजी भीलवाड़ा | 01.06.20 से 05.06.20 | 926 |
| 04 | ब्यावर | 08.06.20 से 13.06.20 | 6200 |
| 05 | आजाद भीलवाड़ा | 15.06.20 से 19.06.20 | 6685 |
| 06 | गंगापुर | 20.06.20 से 24.0620 | 6485 |

इन शिविरों में कुकिंग, योगा, मास्क मेकिंग, वॉल पेंटिंग, कार्ड मेकिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, मण्डाला आर्ट, कैलीग्राफी, रंगोली, जुम्बा डांस, माइंड केयर, ब्यूटी कोर्स, स्केचिंग एवं ड्रॉइंग विषयो का प्रशिक्षण ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। कई प्रशिक्षकों का परिषद् परिवार से होना और सभी प्रशिक्षकों का नि:शुल्क प्रशिक्षण परिषद् की छवि को दर्शाता है।

ऑनलाइन अभिरुचि शिविर में शाखाओं द्वारा व्हाट्स एप ग्रुप लिंक के माध्यम से विधाओं के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सभी विषयों की वीडियो बनाकर ग्रुप पर पोस्ट की जाती और वीडियो को देख कर सभी प्रशिक्षण लेते। सभी ग्रुप में एक निश्चित समय पर प्रतियोगी की शंकाओं के समाधान के लिए व्यवस्था भी की गई। इस तरह प्रतियोगी कभी भी वीडियो को देख कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है और अन्य किसी व्यक्ति को भेजकर उन्हें भी लाभान्वित कर सकता है।



ऑनलाइन अभिरुचि शिविरों में शाखाओं द्वारा कई अलग-अलग नवाचार किए गए जिसमें सुभाष शाखा भीलवाड़ा द्वारा दायित्वधारियों के परिषद परिचय एवं प्रकल्पों के वीडियो ग्रुप में प्रेषित करना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं नशा मुक्ति की आनलाइन शपथ दिलाना, प्रताप भीलवाड़ा शिविर में प्रात: योगाभ्यास, वीर शिवाजी भीलवाड़ा द्वारा प्रतियोगियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता कराना, ब्यावर शाखा द्वारा माइंड केयर की लाइव क्लासेस व वीडियो मेसेज के माध्यम से प्रतिदिन की झलकियां, आजाद शाखा भीलवाड़ा द्वारा व्हाट्स एप ग्रुप में परिषद के प्रकल्प एवं मूल मंत्रों का संदेश प्रसारित करना और करोना से बचाव से संबंधित कार्यशाला का आयोजन और गंगापुर शाखा द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण विशेष रहा।



**भाविप के ऑनलाइन अभिरूचि शिविर के लिए हुए 6 हजार पंजीयन**





**भाविप के अभिरुचि शिविर का समापन**

गंगापुर | भारत विकास परिषद के पांच दिवसीय ऑनलाइन अभिरुचि शिविर का समापन बुधवार को हुआ। शिविर में आठ विधाओं का विशेषज्ञों ने वीडियो प्रदर्शन से प्रशिक्षण दिया। कुल 6 हजार 485 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन पंजीयन करवाए थे। स्थानीय के साथ ही प्रदेश-देश व विदेशों से संभागी इसमें शामिल हुए। परिषद परिवार से प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी, प्रांतीय महिला प्रमुख पुष्पमाला अग्रवाल, प्रांतीय अभिरुचि शिविर प्रभारी भारती मोदानी, प्रांतीय सांस्कृतिक सप्ताह प्रभारी अर्पित गोयल, गंगापुर शाखा के प्रांतीय प्रभारी ओम जागेटिया, भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष किशोर गौतम, सचिव शिवम प्रह्लादका का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।






## महाराणा प्रताप जयंती

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रताप शाखा भीलवाड़ा द्वारा प्रांत की सभी शाखाओं के सदस्यों के मध्य **ऑनलाइन प्रताप को जानो प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप से संबंधित प्रश्नों का संकलन था। इस प्रतियोगिता में 185 सदस्यों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान– अशोक अजमेरा, शाखा–गुलाबपुरा, द्वितीय स्थान– रेनू सेन, शाखा–मांडल, तृतीय स्थान– आकांक्षा स्वर्णकार, शाखा–मांडल और सांत्वना पुरस्कार परेश तिवारी शाखा–मांडल, रमेश चंद्र भोजवानी शाखा–जालिया द्वितीय, कंचन अरोरा शाखा–प्रताप भीलवाड़ा, कृतिका अग्रवाल शाखा–अजमेर मुख्य व हेमंत पंवार शाखा– अरांई रहे। अशोक अजमेरा ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 100 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान बनाया।

हर वर्ष की भांति प्रताप शाखा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर **स्वाभिमान कवि सम्मेलन** का आयोजन वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष में झूम एप्लीकेशन के माध्यम से 25 मई 2020 सोमवार को ऑनलाइन किया गया।

ऑनलाइन कवि सम्मेलन में बुलंदशहर के डॉक्टर अर्जुन जी सिसोदिया ने काव्य पाठ किया और संचालन श्री योगेंद्र जी शर्मा ने किया, साथ ही योगेंद्र जी ने अपने वीर रस की रचनाओं से सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। ऑनलाइन कवि सम्मेलन रात्रि 9:00 से 10:30 तक चला और 100 से अधिक श्रोताओं ने आनंद लिया।



## महिला जागरुकता

भारत विकास परिषद् युवा शाखा अजमेर द्वारा मुस्कान प्रोजेक्ट के तहत 10000 सैनिटरी नैपकिन का रियायती दर पर वितरण किया गया। शाखा द्वारा सेनेटरी नैपकिन शहर के ग्रामीण बस्ती क्षेत्र में नि:शुल्क भी वितरित किए गए।

▪ भारत विकास परिषद युवा शाखा अजमेर की ओर से 10,000 सेनिटरी नेपकिन का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कोटड़ा स्थित बस्ती में महिलाओं को उपयोगिता बताते हुए निशुल्क वितरण किया गया। प्रकल्प प्रभारी अविनाश अग्रवाल, अनुज गर्ग, अविनाश अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, कुंज बिहारी बंसल, ज्योति गर्ग उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद ने बांटे सैनेटरी नेपकिन

अजमेर। भारत विकास परिषद युवा शाखा द्वारा दस हजार सैनेटरी नेपकिन का वितरण किया जाएगा। जिसका शुभारम्भ सोमवार को कोटड़ा स्थित बस्ती



में हुआ। जहां महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन की उपयोगिता बताते हुए उन्हें नि:शुल्क सैनेटरी नेपकिन दिए गए। प्रकल्प प्रभारी अविनाश अग्रवाल ने बताया कि परिषद द्वारा मेरी मुस्कान नाम से सेनेटरी नैपकिन बहुत ही कम दर पर उपलब्ध कराया जाता है। संदीप गोयल ने बताया कि आज एक हजार नेपकिन का वितरण किया गया। अब शहर के विभिन्न बस्तियों में इनका वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर, ज्योति गर्ग, अनुज गर्ग, अविनाश अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, कुंज बिहारी बंसल, ज्योति गर्ग उपस्थित रहे।

# ऑनलाईन भारत को जानो प्रतियोगिता

**संस्कार**

लोक डाउन पीरियड की विपरीत परिस्थितियों में देश के प्रति सम्मान और निष्ठा का भाव सदस्यों के मध्य जागृत करने व नकारात्मक सोच को परिवर्तित करते हुए सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए राजस्थान मध्य प्रांत द्वाराभीलवाड़ा अजमेर और राजसमंद जिले की सभी शाखाओं के सदस्यों के मध्य प्रांत स्तरीय ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 30 अप्रैल के मध्य किया गया।

प्रांतीय संयोजक भारत को जानो श्री मुकेश लाठी ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित हुई। प्रथम चरण शाखा स्तर प्रतियोगिता, द्वितीय चरण ग्रुप स्तरीय प्रतियोगिता और तीसरा चरण फाइनल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में भारत के धर्म, संस्कृति, इतिहास, संविधान खेलकूद व करंट अफेयर्स से संबंधित 50 प्रश्न पूछे गए, यह प्रतियोगिता पूर्ण रूप से मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से खेली गयी। प्रांत की तकनीकी टीम ने नवाचार करते हुए भारत को जानो की एक मोबाइल एप्लीकेशन तैयार की, जिसमें अलग-अलग स्तर के प्रश्न बैंक थे। प्रतियोगिता के लिए भारत को जानो पुस्तक ऑनलाइन सभी सदस्यों को पहुंचाई गई।

प्रथम चरण शाखा स्तर की प्रतियोगिता रही जिसमें 576 सदस्यों ने भाग लिया। प्रत्येक शाखा से प्रथम पांच प्रतियोगियों के 10 ग्रुप बनाकर अलग-अलग दिवस पर सेमीफाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक ग्रुप से प्रथम द्वितीय व तृतीय प्रतियोगीयों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, इस तरह से विभिन्न शाखाओं से 30 प्रतियोगीयों ने फाइनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रीमती कंचन देवी अरोड़ा भीलवाड़ा ने प्रथम स्थान, शिवदयाल अरोड़ा भीलवाड़ा ने द्वितीय और दुर्गा प्रसाद जोशी शाहपुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और सांत्वना पुरस्कार प्रिया खंडेलवाल ब्यावर व रमेश भोजवानी जालिया द्वितीय को मिला। प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश अजमेरा ने बताया कि सभी के संयुक्त प्रयास से ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता, ना सिर्फ वर्तमान परिपेक्ष में कारगर हुई बल्कि आने वाले समय के लिए भारत को जानो प्रतियोगिता हर विद्यार्थी तक पहुंच सके यह सपना भी हमारा साकार होगा। भारत को जानो मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से क्षेत्र विशेष के सभी विद्यार्थियों को जोड़ते हुए एक साथ यह प्रतियोगिता बहुत सरल और प्रभावी ढंग से आयोजित की जा सकती है।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में तकनीकि टीम श्री कुलदीप माथुर, श्री दलपत सिंह राठौड़ और श्री कैलाश आचार्य का योगदान रहा।






भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत द्वारा 576 सदस्यों द्वारा लोक डाउन पीरियड का सकारात्मक ऊर्जा के रूप में प्रयोग करने के लिए राजस्थान मध्य प्रांत ने भीलवाड़ा अजमेर और राजसमंद जिले की सभी शाखाओं के सदस्यों के मध्य प्रांत स्तरीय ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 30 अप्रैल के मध्य किया गया।

प्रांतीय संयोजक भारत को जानो मुकेश राठी ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रीमती कंचन देवी अरोड़ा भीलवाड़ा ने प्रथम स्थान, शिवदयाल अरोड़ा भीलवाड़ा ने द्वितीय और दुर्गा प्रसाद जोशी शाहपुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी ने बताया कि यह प्रतियोगिता मध्य प्रांत की भारत को जानो मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से तीन चरणों में आयोजित की गई।

भारत विकास परिषद आज़ाद शाखा के संस्थापक अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि प्रथम चरण शाखा स्तर की प्रतियोगिता रही जिसमें 576 सदस्यों ने भाग लिया। इस चरण में भारत को जानो पुस्तक व समसामयिक आधार पर 50 प्रश्न पूछे गए और प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक रखे गए थे। प्रत्येक प्रश्न के लिए समय सीमा 20 सेकंड की थी।

विभिन्न शाखाओं से 30 प्रतियोगीयों ने फाइनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

परिषद सदस्यों के लिए यह नवाचार और अद्भुत अनुभव रहा। मोबाइल एप्लीकेशन के सरलीकरण होने के कारण परिषद सदस्य ने रुचि लेते हुए, ना सिर्फ समय का सदुपयोग हुआ बल्कि आपस में संपर्क बना रहा।

**ऑनलाइन स्पर्धा भारत को जानो में कंचन प्रथम रही**

भीलवाड़ा | भारत विकास परिषद मध्य प्रांत ने लॉकडाउन में भीलवाड़ा, अजमेर और राजसमंद जिले की शाखाओं के 576 सदस्यों में भारत को जानो ऑनलाइन प्रतियोगिता 20 से 30 अप्रैल तक कराई। प्रांतीय संयोजक मुकेश राठी ने बताया कि कंचनदेवी अरोड़ा भीलवाड़ा ने प्रथम, शिवदयाल अरोड़ा ने द्वितीय और दुर्गा प्रसाद जोशी शाहपुरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी ने बताया कि तीन चरणों में प्रतियोगिता कराई। कैलाश सोनी ने बताया कि विभिन्न शाखाओं से 30 प्रतियोगीयों ने फाइनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसी तरह भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा की ऑनलाइन भजन प्रतियोगिता में प्रथम सुमन भंडारी, द्वितीय बिहारीलाल मेलाना व तृतीय सीमा डागा रहे।

# परिषद् संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश जन्म शताब्दि वर्ष

## डॉ. सूरज प्रकाश स्वदेशी संकल्प अभियान

डॉ. सूरजप्रकाश जी के जन्म शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर प्रांत द्वारा **डॉ. सूरज प्रकाश स्वदेशी संकल्प अभियान** का शुभांरभ राष्ट्रीय मंत्री श्री मुकन सिंह जी राठौड़, प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश जी अजमेरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष-सेवा श्री रामेश्वर जी काबरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष-संस्कार श्री पारस जी बोहरा और प्रांतीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी की उपस्थिति में हुआ। इस अभियान से जुड़ने के लिए परिषद् की वेबसाईट पर लिंक दिया गया, जिस पर जाकर नाम, मोबाइल नंबर व स्थान की पूर्ति के साथ सबमिट करके अपना संकल्प पत्र प्रेषित किया जा सकता है। संकल्प पत्र भरने का यह अभियान 27 जून 2020 से परिषद के स्थापना दिवस अर्थात 10 जुलाई 2020 तक रहेगा।


## डॉ. सूरज प्रकाश जन्म शताब्दि वर्ष मनाना

वर्ष 2020-21भारत विकास परिषद के संस्थापक सचिव डॉ सूरज प्रकाश जी जन्मशति वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। अत: प्रशासनिक गाइडलाइन का ध्यान रखते हुए वर्ष पर्यन्त सेवा और संस्कार के कार्यक्रमों का आयोजन करें।

परिषद् के वार्षिक केलेण्डर में जन्म शताब्दि वर्ष के रूप में निम्न कार्य अपेक्षित है -

**1.** 27 जून 2020 को डॉक्टर सूरज प्रकाश जी की जयंती से प्रारम्भ डॉ सूरज प्रकाश स्वदेशी संकल्प अभियान में सदस्यों से संकल्प पत्र भरवाना। **2.** ऑनलाइन माध्यम से डॉ. सूरज प्रकाश जी के जीवन, उनके विचार उद्देश्य और व्यक्तित्व परिचय के कार्यक्रमों को प्राथमिकता देना। **3.** बौद्धिक और मनोबल बढ़ाने वाले वक्तव्य के ऑनलाइन लाइव कार्यक्रमों की योजना। **4.** सेवा के रूप में विद्यालयों में मास्क वितरण, सैनिटाइजेशन उपकरण वितरण और कोरोना वायरस से बचाव के संदेशों का प्रचार। **5.** डॉ. सूरज प्रकाश जल मंदिर निर्माण। **6.** परिषद् के स्थापना दिवस पर कोरोना योद्धा, वरिष्ठ नागरिक और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम (समय परिस्थिति के अनुसार)। **7.** इम्यूनिटी बढ़ाने के संदर्भ में आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण, जिसे प्रतिवर्ष निरंतर रखें। **8.** लघु रक्तदान शिविरों का आयोजन, जो प्रतिवर्ष संचालित होते रहें। **9.** डॉ. सूरज प्रकाश जी के नाम से महिला आत्मनिर्भरता कार्यक्रम। 10. डॉ. सूरज प्रकाश जी के नाम से कोई स्थाई प्रकल्प प्रारंभ करना।

भारत विकास परिषद् अजयमेरू शाखा द्वारा दिनांक 27 जून 2020 को परिषद् के संस्थापक सचिव डॉ. सूरज प्रकाश जी की जयंती पर प्रात: 11:00 बजे सीताराम बाजार केसरगंज में डॉ. सूरज प्रकाश जी का पुष्पांजलि कार्यक्रम, सेवा प्रकल्प के तहत मजदूर वर्ग, सब्जी विक्रेता, रिक्शा चालक और ठेला चालकों को सैनिटाइजर और मास्क का नि:शुल्क वितरण किया तथा नवीन प्रकल्प प्रारंभ, जिसके अंतर्गत अजमेर शहर में रहने वाले ऐसे परिवार जो किन्ही कारणवश अपने दिंवगत प्रियजन की अस्थियां विसर्जित करने नहीं जा पा रहे हो उन अस्थियों को नि:शुल्क विधिवत विसर्जन का कार्य भारत विकास परिषद अजयमेरू के कार्यकर्ता करेंगे।



## सेवा

परिषद के मूल मंत्र सेवा का उद्देश्य स्वस्थ भारत का निर्माण करना है। सेवा शब्द अपने आप में बहुत व्यापकता को समेटे हुए हैं, सेवा के भाव को जागृत कर समाज के विभिन्न वर्ग के व्यक्तियों को सेवा के लिए प्रेरित करना और संवेदनशील बनाना सेवा हैं, सेवा को अपना कर्तव्य व दायित्व मानते हुए ईश्वर द्वारा प्रदान किए गए अवसर के लिए ईश्वर का धन्यवाद करना सेवा हैं। सेवा में कार्य की महत्ता है अहंकार कि नहीं।

## कोविड-19

वैश्विक महामारी कोरोना कोविड-19 ने पूरे देश को प्रभावित और भयभीत किया। इस संकट काल में भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की सभी शाखा के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा के मोर्चे को संभाले रखा। शाखों से जगह-जगह भोजन व राशन वितरण करने, मास्क व सैनिटाइजेशन वितरण करने और अपनी क्षमता से बढ़ चढ़कर आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने के समाचार प्राप्त हुए हैं। पलायन करने वाले श्रमिकों को सुबह-शाम भोजन करवाने और प्रशासन को यथासंभव सहयोग करने का काम भी शाखाओं द्वारा किया गया। कोरोना काल में शाखाओं द्वारा किए गए सेवा कार्यों का एक संक्षिप्त चित्रण आंकड़ों के रूप में प्रेषित है, परंतु सदस्यों द्वारा जो सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान दिया गया है उन्हें शब्दों में परिभाषित किया जाना संभव नहीं हैं। राजस्थान मध्य प्रांत की सभी शाखाएं कोरोना वायरस की लड़ाई में सेवा भाव के साथ प्रशासन के सहयोग में कार्य कर रही है। मास्क व सैनिटाइज वितरण, भोजन सामग्री व प्रतिदिन जरूरतमंदों को भोजन वितरण के साथ-साथ प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री रिलीफ फंड और भारत विकास परिषद कोविड-19 रिलीफ फंड में आर्थिक सहायता के रूप में कुल 61 लाख रुपए से भी अधिक की राशि सहयोग की जा चुकी है।

परिषद् की भीलवाड़ा और किशनगढ़ शाखा द्वारा परिषद् भवन को आइसोलेशन वार्ड बनाने का आग्रह भी प्रशासन से किया गया। प्रांत की 7 शाखाओं द्वारा अपने रोगी वाहन को प्रशासन को सहयोग हेतु सुपुर्द किया। ब्यावर शाखा द्वारा प्रशासन को 70 पीपीई किट दिए गए। प्रांत की नसीराबाद, किशनगढ़, भीलवाड़ा और ब्यावर शाखा द्वारा प्रतिदिन हजारों व्यक्तियों के लिए भोजन बनाया और जरूरतमंदों को वितरण किया गया। केकड़ी, कुंवारिया, जहाजपुर, अरांई शाखा द्वारा आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण व अजयमेरू शाखा द्वारा भारत विकास परिषद ब्रांडेड सैनिटाइजेर का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अपील जनता कर्फ्यू से दिनभर सन्नाटे में रहा देश शाम पांच बजते ही थाली, कटोरी, चम्मच, ताली और शंखनाद की आवाज से गूंज उठा। शाम पांच बजे चिकित्सक, नर्स, पुलिस, खाद्य आपूर्ति, पत्रकार समेत कोरोना के संकट के बीच अपना फर्ज में जुटे लोगों के लिए पूरा देश एक साथ खड़ा हो गया और प्रांत की सभी शाखा सदस्यों ने अपने घर के दरवाजे, बालकनी या खिडकी पर खड़े होकर स्वास्थ्य विभाग, सफाई विभाग, शासन प्रशासन के प्रति ताली बजाकर घंटी बजाकर आभार धन्यवाद व्यक्त किया। वह अद्भुत एवं अविश्वसनीय अनुभव रहा।

| Sr. No. | Name of Branch | No of Masks 1 | No of Sanitizers 2 | No. of Food Packets 3 | No. of Grain & Ration Kits 4 | Amount Spend on (1 - 4) | Amount Contri. direct to PM/CM Relief Fund | Amount Contri. in Covid-19 Relief Fund | Total amount Contributed agianst Corona |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किशनगढ़ मुख्य | 0 | 0 | 14560 | 0 | 490000 | 5000 | 14300 | 509300 |
| 2 | किशनगढ़- विवेकानन्द | 100 | 0 | 0 | 0 | 800 | 0 | 1000 | 1800 |
| 3 | अजमेर मुख्य | 500 | 0 | 0 | 70 | 21700 | 440100 | 51000 | 512800 |
| 4 | अजमेर–युवा | 0 | 0 | 0 | 200 | 15000 | 51000 | 2100 | 68100 |
| 5 | जालिया द्वितीय | 15 | 0 | 200 | 0 | 16000 | 163916 | 1500 | 181416 |
| 6 | अंराई | 50 | 100 | 200 | 125 | 26300 | 10000 | 3000 | 39300 |
| 7 | रूपनगढ़ | 0 | 0 | 680 | 25 | 50750 | 610000 | 0 | 660750 |
| 8 | ब्यावर | 11200 | 0 | 0 | 1042 | 237040 | 414101 | 2100 | 653241 |
| 9 | नसीराबाद | 175 | 125 | 0 | 250 | 42950 | 0 | 3100 | 46050 |
| 10 | बान्दनवाड़ा | 100 | 50 | 500 | 0 | 56000 | 11000 | 0 | 67000 |
| 11 | केकड़ी | 700 | 0 | 0 | 50 | 32000 | 175000 | 25000 | 232000 |
| 12 | बिजयनगर | 350 | 0 | 500 | 55 | 32230 | 75111 | 13000 | 120341 |
| 13 | पुष्कर | 0 | 0 | 0 | 380 | 81700 | 0 | 15400 | 97100 |
| 14 | आदर्श अजमेर | 700 | 0 | 0 | 0 | 7700 | 11000 | 11000 | 29700 |
| 15 | भीनाय | 0 | 0 | 200 | 150 | 40000 | 0 | 0 | 40000 |
| 16 | अजयमेरू अजमेर | 0 | 0 | 350 | 293 | 387000 | 10500 | 0 | 397500 |
| 17 | विवेकानन्द भीलवाड़ा | 0 | 0 | 1700 | 0 | 34200 | 0 | 34200 | 68400 |
| 18 | प्रताप भीलवाड़ा | 0 | 0 | 1225 | 100 | 63125 | 81000 | 31000 | 175125 |
| 19 | सुभाष भीलवाड़ा | 200 | 20 | 0 | 200 | 55000 | 268750 | 51000 | 374750 |
| 20 | आजाद भीलवाड़ा | 100 | 30 | 0 | 0 | 2500 | 0 | 4200 | 6700 |
| 21 | माण्ड़ल | 100 | 0 | 0 | 200 | 34000 | 0 | 1100 | 35100 |
| 22 | शाहपुरा | 300 | 480 | 0 | 0 | 76500 | 400000 | 2100 | 478600 |
| 23 | गंगापुर | 1300 | 240 | 0 | 335 | 192505 | 0 | 22201 | 214706 |
| 24 | बदनोर | 1000 | 200 | 275 | 800 | 101000 | 425000 | 11000 | 537000 |
| 25 | फूलियाकला | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5600 | 2100 | 7700 |
| 26 | बनेड़ा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1500 | 1500 |
| 27 | रायपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3200 | 3200 |
| 28 | आसीन्द | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2100 | 2100 |
| 29 | जहाजपुर | 1800 | 950 | 5000 | 1550 | 145500 | 72000 | 4400 | 221900 |
| 30 | गुलाबपुरा | 150 | 150 | 100 | 150 | 71000 | 0 | 3100 | 74100 |
| 31 | शिवाजी भीलवाड़ा | 550 | 60 | 50 | 55 | 64580 | 40848 | 7000 | 112428 |
| 32 | भोजरास | 80 | 0 | 0 | 700 | 38000 | 0 | 3100 | 41100 |
| 33 | श्री नाथद्धारा | 2000 | 0 | 0 | 0 | 16000 | 0 | 0 | 16000 |
| 34 | राजसमन्द | 1000 | 0 | 0 | 0 | 8500 | 0 | 10300 | 18800 |
| 35 | कुँवारिया | 500 | 0 | 0 | 0 | 3000 | 0 | 0 | 3000 |
| 36 | आमेट | 100 | 0 | 200 | 0 | 12000 | 0 | 0 | 12000 |
| 37 | देवगढ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 75624 | 0 | 75624 |
| | **कुल योग** | **23070** | **2405** | **25740** | **6730** | **2454580** | **3345550** | **336101** | **6136231** |

# भाविप ने बांटे साढ़े पांच हजार मास्क, तीन लाख की नकद मदद

भास्कर न्यूज | ब्यावर

भारत विकास परिषद शाखा ब्यावर की ओर से लॉकडाउन के दौरान लगातार सेवा कार्य जारी है। परिषद सचिव प्रशान्त पाबुवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद शाखा ब्यावर ने लॉकडाउन की शुरुआत से अब तक लगभग 5500 से ज्यादा मास्क शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर वितरित किए हैं। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री पहुंचाए जाने का कार्य लगातार जारी है।

इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित कराई जा रही जनता रसोई में अब तक 200 किलो आटा, रीको में बिहार के दिहाड़ी मजदूरों के लिए चल रही रसोई में



ब्यावर. भारत विकास परिषद की ओर से तैयार किए गए राशन किट।

100 किलो आटा, अजमेर रोड मोतीपुरा स्कूल में चल रही रसोई में 3 कट्टे चावल, 50 किलो आटा, हॉस्पिटल के रोगियों के लिये भोजन बना कर पहुंचा आ रही केशव रसोई में 100 किलो आटा, 1 कट्टा चावल तथा कोरोना योद्धाओं को 60 पीपीई किट वितरित किए हैं। इसके साथ ही राज्य व केन्द्र सरकार तथा सेवा में लगे विभिन्न संगठनों को लगभग तीन लाख से ज्यादा नकद सहायता व लगभग 1100 भोजन सामग्री के किट का वितरित किए हैं।

ब्यावर शाखा अध्यक्ष राजेंद्र काबरा ने बताया कि ब्यावर रोडवेज बस स्टैंड आने वाले सैकड़ों प्रवासी श्रमिकों के लिए चाय, अल्पाहार व दोनों समय का भोजन की सारी व्यवस्था भारत विकास परिषद व आर्य समाज ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में की गई। इसके साथ ही परिषद की ओर से पक्षियों के लिए दाना व परिण्डे लगा कर पानी की व्यवस्था की गई। हर वर्ष पक्षियों के लिए परिंडे बांटे जाते हैं इस बार भी लगभग 500 परिंडों का वितरण किया गया। इन सेवा कार्यों में अध्यक्ष राजेंद्र काबरा, उपाध्यक्ष अनिल भाटिया, आलोक गुप्ता, सचिव प्रशान्त पाबुवाल, कोषाध्यक्ष सतीश सारफ, अमरचन्द मुंदड़ा, राजेंद्र बहुगोती, अशोक मेवाड़ा, कन्हैयालाल शर्मा, भागीरथ हेड़ा, नरेश मित्तल, संजय गर्ग, संजय जिंदल, जितेंद्र गर्ग, पंकज बंट, पवन जैन, अनिल कुमावत सहित अनेक सदस्यों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग दिया।




## होम्योपैथी शिविर

भारत विकास परिषद अजयमेरू द्वारा कोरोना वायरस रोकथाम हेतू शारीरिक क्षमता बढाने हेतु अजमेर के विभिन्न स्थानों पर 5 होम्योपैथी शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें 300 से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुए।



## पक्षी परिण्डे

कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन और कर्फ्यू में सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए शाखाओं के सदस्यों ने भी अपने निवास स्थान व कॉलोनी वासियों की सहायता से आसपास के मकानों एवं पेड़ों पर पक्षी परिंडे लगाए गए एवं उनकी देखभाल की जिम्मेदारी कॉलोनी वासियों द्वारा सहर्ष ली गई। प्रांत की आजाद शाखा भीलवाड़ा, भोजरास, ब्यावर, नसीराबाद, बांदनवाड़ा, गंगापुर, सुभाष भीलवाड़ा, अजमेर मुख्य, केकड़ी, शाहपुरा, बिजयनगर आदि से परिंडे वितरण और लगाने की समाचार प्राप्त हुए हैं सभी शाखाओं के सहयोग से लगभग 2100 से अधिक संख्या में पक्षी परिण्डे अपने-अपने क्षेत्र में लगाए गए।



### लॉकडाउन में भाविप सुभाष शाखा घर-घर जाकर बांट रही परिंडे

भीलवाड़ा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा पक्षियों को दाना- पानी के लिए परिंडे वितरण का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कोरोना महामारी व लोक डाउन को देखते हुए इस बार पक्षी परिंडे परिषद सदस्यों द्वारा घर घर जाकर दिये जा रहे है। सचिव दिलीप पाराख ने बताया कि परिषद सदस्य मुकेश लाठी, मदन खटोड़, ओम संदेडिया, महेंद्र माहेश्वरी, गोविंद लड्ढा, दिनेश शारदा, चंद्र प्रकाश काल्या, राकेश चेचानी, रामफल असावा आदि ने अलग अलग जाकर संजय कॉलोनी, सुभाष नगर, आर सी व्यास कॉलोनी, आर के कॉलोनी, वर्धमान कॉलोनी आदि क्षेत्र में घर घर जाकर परिंडे का वितरण किया एवम पक्षियों के लिए रोजाना इनमें दाना पानी डालने व समय समय पर इनकी सफाई करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी ने मास्क का उपयोग किया व घर पर आते ही अपने हाथ साबुन से धोना न भूले। परिंडे वितरण के समय फिजिकल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा गया।

### पक्षियों के लिए बांधे मिट्टी के परीण्डे



## योग शिविर

कोरोनावायरस के चलते इस वर्ष योग दिवस पर शाखाओं द्वारा ऑनलाइन योगाभ्यास एवं योग शिविरों का आयोजन किया गया। प्रांत की 14 शाखाओं ने योग दिवस पर कार्यक्रम किये। सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए महाराणा प्रताप भीलवाड़ा शाखा द्वारा 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन 21 जून को राष्ट्रीय मंत्री मुकन सिंह जी राठौड़, प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश जी अजमेरा और जिलाध्यक्ष किशोर जी गौतम के मार्गदर्शन में हुआ। अजमेर मुख्य शाखा द्वारा भी सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान रखते हुए उद्यान में योगाभ्यास करवाया गया।




## रक्तदान शिविर

कोरोना महामारी के कारण लोक डाउन पीरियड के संकटकाल में रक्त की कमी से जूझते हुए अस्पतालों को मानव सेवार्थ सहायता हेतु राजस्थान मध्य प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष सेवा रामेश्वर काबरा के आह्वान पर शाखाओं द्वारा रक्त वाहिनी के माध्यम से लघु रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जून माह में 8 शाखाओं द्वारा कोविड-19 के सोश्यल डिस्टेंसिंग एवं सरकारी नियमों की पालना करते हुए 14 लघु रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 591 रक्त यूनिट का संग्रहण किया।

विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को प्रांत की गुलाबपुरा शाखा की मातृशक्ति द्वारा महिला लघु रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 38 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। प्रांत में पहली बार महिलाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी रक्तदाता मातृशक्ति थी। वहीं शाखा के वित्त सचिव संपत व्यास के परिवार जन के देहांत पर तिये की बैठक के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 101 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। इस प्रकार गुलाबपुरा शाखा द्वारा 7 शिविरों का आयोजन कर 337 युनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर





प्रांतीय पदाधिकारी किशोर राजपाल, संरक्षक के.डी. मिश्रा, अध्यक्ष

महावीर सोनी, सचिव सुधीर पारीक, वित सचिव सम्पत व्यास, महिला प्रमुख भगवती मूंदड़ा, सह सचिव अरूण जैन, राहुल काबरा, निर्मल बंसल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी रक्तदाताओं को मोमेन्टो, सम्मान पत्र के साथ एक-एक परिंडा प्रदान किया गया और अपने घरों पर परिंडे बांधकर निरंतर पानी भरने का आग्रह किया।





पिता के तीये की बैठक पर रक्तदान कर दिया जरूरतमंद की सेवा का संदेश

## पर्यावरण

विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान मध्य प्रांत की शाखाओं द्वारा 5 जून से विश्व पर्यावरण सप्ताह के अंत तक अर्थात 7 जुलाई तक पर्यावरण प्रकल्पों को विशेष प्राथमिकता से करने का संकल्प लिया व कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रांत की अजयमेरू शाखा द्वारा पर्यावरण विषय पर बच्चों के मध्य ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता, सुभाष भीलवाड़ा द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर ऑनलाइन विचार गोष्ठी, वृक्षारोपण एवं पक्षी परिंडे लगाने का प्रकल्प, सेल्फी विद प्लांट कार्यक्रम के तहत परिषद के प्रत्येक सदस्य का पांच वृक्ष लगाने व रखरखाव व जल-ऊर्जा संरक्षण व थैली छोड़ो थैला पकड़ो अभियान (प्लास्टिक थैली का प्रयोग बन्द करना)। कोरोना महामारी के चलते लोक डाउन से पर्यावरण गुणवत्ता में बहुत कुछ सुधार हुआ है, हमें प्रयास करके उस गुणवत्ता को बनाए रखना है, यही महत्वपूर्ण संदेश सदस्यों को दिया गया।




विश्व पर्यावरण दिवस भारत विकास परिषद ने किया पौधारोपण





ई-पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित



## जीवों के प्रति सेवाभाव

भारत विकास परिषद अजेयमेरु शाखा द्वारा जीवों के प्रति दयाभाव की भावना रखते हुए श्री आनन्द गोपाल गौशाला बड़ी नागफानी, सीता गौशाला पहाड़गंज, श्री पुष्कर आदि गौशाला लोहागल रोड़, अम्बेडकर कॉलोनी, वाल्मीकि क्वार्टर सहित वार्ड न. 1 व 3 के कुछ क्षेत्रों में लगभग 11000 किलो से अधिक पोष्टिक सब्जियां जिसमें तुराई, टिण्डा, लोकी, भिंडी, ग्वार फली, बेंगन, हरी ककड़ी, पत्ता गोभी, चवला फली आदि गौमाताओं को अर्पण की गई। शाखा सचिव हनुमान गर्ग ने बताया की सुशील गोयल, अशोक गर्ग, सुरेंद्र मित्तल ने भी सेवाएं दी।






## प्रान्तीय वेबसाईट से एक्सल सदस्य सूची तैयार करने का तरीका


Step – 1
www.bvprajcentral.org
login करें
उसके बाद प्रदर्शित टेबल अनुसार प्रांतिय वेबसाइट का होम पेज आएगा।




Step – 2
होम पेज पर ब्रांच लॉगइन पर क्लिक करें।
उसके बाद प्रदर्शित टेबल अनुसार शाखा अपना लॉगइन आईडी और पासवर्ड से लॉगिन करें।




Step – 3
शाखा लोगिन करने के बाद प्रदर्शित टेबल के अनुसार उनकी शाखा का होम पर जाएगा।
होम पेज में एक्सपोर्ट फॉर अपलोड (Export For Upload) ऑप्शन नया है।



Step – 4
एक्सपोर्ट फॉर अपलोड (Export For Upload) ऑप्शन पर क्लिक करने पर दो फाइल ओपन होगी– एक्सपोर्ट फॉर अपलोड (Export For Upload) और डाउनलोड फॉरमैट (Download Format)



Step – 5
एक्सपोर्ट फॉर अपलोड पर क्लिक करने पर एक एक्सेल फाइल (Excle File) एक्सपोर्ट होगी जिसे आपको सेव (Save) करनी है।

1. इस फाइल में गत वर्ष के शाखा सदस्यों का संपूर्ण विवरण केंद्र के दिए गए फॉर्मेट (31 कॉलम) में आपको नजर आएगा। आप सभी सदस्य के विवरण को पूर्ण रूप से जांच लें और आवश्यक सुधार करें।

साथ ही सदस्य की जन्मतिथि, रक्त ग्रुप, शैक्षणिक योग्यता और शैक्षणिक क्षेत्र अनिवार्य रूप से भरना है जो इस शीट के कॉलम नंबर 21 से 24 तक की डाटा एंट्री है।

शीट के कॉलम नंबर 25 से 31 तक की डाटा एंट्री अनिवार्य नहीं है फिर भी आप को भरने की सलाह दी जाती है।



## गत वर्ष के शाखा सदस्यों का (31 कॉलम) संपूर्ण विवरण व आवश्यक परिवर्तन

| Col. No. | Column Details with Particulars | Already filed as per previous record of Branch (Only Need Correction if any) | Data need to filed Mandatory | Data need to filed but not Mandatory |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sr no | Done as per Record | | |
| 2 | Membership code | | Remain Blank | |
| 3 | Title | Done as per Record | | |
| 4 | First name | Done as per Record | | |
| 5 | Last name | | | Need to file |
| 6 | Gender | Done as per Record | | |
| 7 | Member type | Done as per Record | | |
| 8 | Gyanprabha | Done as per Record | | |
| | Subscription | | | |
| 9 | Address line 1 | Done as per Record | | |
| 10 | Address line 2 | | | Need to file |
| 11 | Landmark | | | Need to file |
| 12 | City | Done as per Record | | |
| 13 | District | Done as per Record | | |
| 14 | Village | | | Need to file |
| 15 | Taluka / Tehsil | | | Need to file |
| 16 | State | Done as per Record | | |
| 17 | Pin code | Done as per Record | | |
| 18 | Mobile Number | Done as per Record | | |
| 19 | Land line Number | | | Need to file |
| 20 | Email Address | Done as per Record | | |
| 21 | Date of birth | | Need to file | |
| 22 | Blood Group | | Need to file | |
| 23 | Qualification | | Need to file | |
| 24 | Select Stream | | Need to file | |
| 25 | Occupation | | | Need to file |
| 26 | Profession | | | Need to file |
| 27 | Bvp Joining Date | | | Need to file |
| 28 | Branch Joining Date | | | Need to file |
| 29 | Spouse Name | | | Need to file |
| 30 | Wedding Date | | | Need to file |
| 31 | Spouse Date of birth | | | Need to file |

# केन्द्रीय वेबसाईट पर सदस्य सूची अपलोड करने का तरीका

## Process–1 केन्द्रीय वेबसाइट के लिए शाखा के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का लोग इन यूजर नेम व पासवर्ड बनाना

Step – 1

शाखा के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष प्रत्येक को केंद्र की bvp.information3@gmail.com से यूजर नेम की मेल आई है, जिसमें पासवर्ड बनाने का एक लिंक दिया गया है। मेल का स्वरूप प्रदर्शित टेबल में दिखाया गया है। यूजर नेम –

अध्यक्ष के लिए – **p.branch name**

सचिव के लिए – **s.branch name**

कोषाध्यक्ष के लिए–**t.branch name**

होगा, जैसा आपको मेल में प्रदर्शित होगा।



BVP <bvp.information1@gmail.com>
to me

Bharat Vikas Parishad

(Established in 1963 under Societies Act XXI of 1860 – No. S-2272/63)

Dear Shri Sandeep Baldi,

We are glad to inform you that BVP Central Office has made a new Membership Management Software and have noted that you are one of the Branch PST.

One of the Branch PST is required to enter the details of branch members, who have paid Membership fee for FY 2018-19, in this software and another is to verify the same so that the details are accepted by the software.

For this purpose, your username is s.rajasthancentral . And you are to set your password by clicking on the below link

CREATE PASSWORD

Hope you will find the new software useful.

In case of any difficulty please contact me.

- Jorawar Singh (Delhi Office)
+91 9999659282

CREATE PASSWORD पर क्लिक करके आपको आपकी व्यक्तिगत सूचनाएं भरनी है और पासवर्ड बनाना है।


Step – 2

नोट –1. यदि सदस्य के पास केंद्र से मेल नहीं आया है अथवा मेल नहीं मिल रहीं है तो केंद्रीय कार्यालय के श्री जोरावर सिंह जी से मोबाइल नं– 9999659282 अथवा ई–मेल jorawarbvp@gmail.com से सम्पर्क कर उपरोक्त मेल मंगवा सकते है।

2. शाखा के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सभी को अपना–अपना पासवर्ड बनाना है।

Step – 3

पासवर्ड बनाने में कम से कम 8 डिजिट करैक्टर से बनाना है, जिसमें कैपिटल करैक्टर, स्पेशल करैक्टर और न्यूमैरिक कैरक्टर को मिलाते हुए पासवर्ड बनाना है और पासवड रीइंटर करके सेव करना है




## Process–2 केन्द्रीय वेबसाइट पर सदस्य सूची अपलोड़ शाखा सचिव द्वारा

**Step – 4**

www.bvpindia.com पर login करें।

⇩

उसके बाद प्रदर्शित टेबल अनुसार केन्द्रीय वेबसाइट का होमपेज आयेगा। होमपेज के निचे की तरफ quick links में Members में Branch login है।





**Step – 5**

होमपेज पर Branch login पर क्लिक करें।

⇩

उसके बाद प्रदर्शित टेबल अनुसार शाखा के सचिव अपना यूजर नेम व पासवर्ड से login करें।




**Step – 6**


शाखा सचिव के login करने के बाद प्रदर्शित टेबल अनुसार शाखा का होमपेज आयेगा।

होमपेज पर शाखा के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का नाम व विवरण नजर आयेगा।




**Step – 7**

शाखा सदस्य सूची अपलोड करने के लिए होमपेज के दायीं ऊपर की तरफ Action पर क्लिक करें। Action पर क्लिक करने पर प्रदर्शित टेबल अनुसार 4 विकल्प नजर आयेंगे। सदस्य सूची Import करने के सदस्य सूची की एक Excle File में पूर्ण विवरण व क्रमानुसार बनाना होगा।





**Step – 8**


Import Members पर क्लिक करने पर प्रदर्शित टेबल के अनुसार Choose File के पास Sample विकल्प नजर आयेंगा।



Step – 9 : Sample फॉरमैट पर क्लिक करने पर आपको केंद्र के द्वारा दिए गए फॉर्मेट की खाली एक्सल फाइल मिलेगी जिसमें आप सारी प्रविष्टियां भरें और संपूर्ण प्रविष्टियां भरने के बाद एक्सल फाइल को सेव कर रखें। यदि आपके पास पहले ही सदस्य सूची एक्सल फाइल में है तो सदस्य सूची के डाटा को केंद्र के नई Sample Excel फाइल में कॉपी कर दें।



Step – 10 : Import Members पर क्लिक कर प्रदर्शित टेबल के अनुसार Choose File का विकल्प आयेगा। Choose File पर क्लिक करें व सदस्य सूची की Excel File को अपलोड करें।





Step – 11 : Excle File को अपलोड होने पर प्रदर्शित टेबल के अनुसार नजर आयेगा।
दायीं ऊपर की तरफ Import पर क्लिक कर सदस्य सूची Import करें।




Step – 12
सदस्य सूची Import होने पर प्रदर्शित टेबल के अनुसार Success का मेसेज नजर आयेगा।




Step – 13
सदस्य सूची शाखा के होमपेज के unverified members विवरण में नजर आयेगी।
उक्त जो सदस्य सूची भरी है विवरण में जाकर प्रत्येक को देखा जा सकता है और गलती होने पर सुधार कर पुन: सेव करें।




Step – 14
unverified members विवरण को शाखा अध्यक्ष अपना यूजर नेम व पासवर्ड से login कर Verify करेंगे और Verify करने पर Verification approval के लिए मेसेज आयेगा



Step – 15
Verification के बाद verified members विवरण में सदस्य का नाम दिखेगा।




भारत विकास परिषद
द्वारा आयोजित
भारत विकास परिषद
शाखा - अराई
Save Trees
Save Environment
संपर्क सहयोग संस्कार सेवा समर्पण
भारत विकास परिषद
शाखा-आजाद, भीलवाड़ा
का हार्दिक स्वागत करती है
स्वागत करता है
AL-WAYS
भारत विकास परिषद
अजयमेरू, अजमेर
HAND SANITIZER